नगर आयुक्त ने हटवाया अतिक्रमण

शाहजहांपुर, 20 जून (तरुणमित्र)। नगर आयुक्त संतोश कुमार शर्मा द्वारा रविवार को राजघाट चौकी मार्ग का चौड़ीकरण कराये जाने के मद्देनजर मार्ग चौड़ीकरण में बाधक अतिक्रमण को अपनी उपस्थित में हटवाया गया। मार्ग चौड़ीकरण में बाधक राजघाट चौकी की बाउन्ड्री वाल एवं उसके आस-पास खोखे आदि रखकर किये गये अतिक्रमणो को भी हटवाया गया। नगर आयुक्त द्वारा अवगत कराया गया कि मार्ग चौड़ीकरण से नागरिको को आवागमन की सुलभ सुविधा प्राप्त होगी व जाम की समस्या से निजात मिलेगी। इस मार्ग पर आवागमन में बाधक पेड़ो की डालो को भी झटवाया गया।

इस मौके पर अपर नगर आयुक्त एस0के0सिंह,सहायक नगर आयुक्त, अंगद गुप्ता, अधिषासी अभियन्ता मोद नारायण झा एवं प्रवर्तन दल की टीम उपस्थित रही।